स्वराज संस्थान संचालनालय
संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ

सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय एवं शिखर सम्मान नामांकन आमंत्रण

वर्ष 2024-25

सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान (₹11 लाख)

मध्यप्रदेश शासन द्वारा सम्राट विक्रमादित्य के बहुविध गुणों न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, खगोल एवं ज्योतिष विज्ञान, कला, शौर्य, प्राच्य वाङ्मय, राजनय, आध्यात्म, रचनात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में श्रेष्ठतम उपलब्धियों एवं उल्लेखनीय योगदान करने वाले साधनारत व्यक्ति/संस्था को सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित सम्राट विक्रमादित्य राष्ट्रीय सम्मान।

सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान (₹2-2 लाख प्रत्येक)

मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रादेशिक स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से स्थापित सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान नीचे उल्लिखित तीन श्रेणियों में पृथक-पृथक दिये जाएँगे :

- **सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान** - न्याय, दानशीलता, वीरता, सुशासन, राजनय तथा शौर्य के क्षेत्र में साधनारत व्यक्ति/संस्था।
- **सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान** - खगोल विज्ञान, ज्योतिष विज्ञान तथा प्राच्य वाङ्मय के क्षेत्र में साधनारत व्यक्ति/संस्था।
- **सम्राट विक्रमादित्य शिखर सम्मान** - रचनात्मकता एवं जनकल्याणकारी कार्य के क्षेत्र में साधनारत व्यक्ति/संस्था।

कृपया संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था का स्पष्ट उल्लेख करते हुए सम्मान के लिए पृथक-पृथक अनुशंसाएँ निदेशक, महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ, स्वराज संस्थान संचालनालय, रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल के नाम डाक द्वारा अथवा ईमेल mvspujjain@gmail.com पर 25 जनवरी 2025 तक भिजवाने का अनुरोध है।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ

स्वराज संस्थान संचालनालय, रवीन्द्र भवन परिसर, भोपाल-462003,

फोन - 0755-2660563, 2660407, 2660361

Website : www.mvspujjain.com